Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 05-12-2006

Participants : Munshiram Shri

an>

Title: Need to open a Kendriya Vidyalaya at Bijnor, Uttar Pradesh.

श्री मुंशी राम (बिजनौर) :उपाध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र बिजनौर में वा 2005-2006 में भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय ि वद्यालय खोले जाने की स्वीकृति दी गई थी। केन्द्रीय विद्यालय को शुरू करने के लिए कोई भवन न होने के कारण विद्यालय पुराने जनाना अस्पताल के भवन बिजनौर में शुरू करने के लिए योजना बनाई गई। भवन की मरम्मत एवं शौचालय बनाने हेतु मेरी सांसद निधि से लगभग तीन लाख रुपये का व्यय भी किया गया। परन्तु मुझे ज्ञात हुआ कि अचानक केन्द्रीय विद्यालय मेरे लोक सभा क्षेत्र बिजनौर में खोलने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया है। क्योंकि जो विद्यालय वा 2005-2006 में प्रारम्भ होना था वह आज तक प्र ारम्भ नहीं हुआ है। जिससे क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश है। क्योंकि मेरे लोक सभा क्षेत्र की 80 कि.मी. की परिधि में कोई भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है।

अतः मैं सदन के माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र बिजनौर में एक केन्द्रीय विद्यालय अतिशीघ्र खोला जाए।